

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

तमन्ना के आइटम नंबर 'आज की रात' ने बनाया रिकॉर्ड

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 ■ अंक : 267 ■ सोमवार 19 जनवरी 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# 5 दलों पर भारी भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी




## ■ उल्हासनगर का चुनाव चौंकाने वाला

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव के नतीजे सिर्फ जीत-हार का आंकड़ा नहीं हैं, बल्कि शहर में बदलते पॉलिटिकल माहौल की साफ झलक हैं। शिंदे की शिवसेना ने BJP को सत्ता से बाहर रखने के लिए पांच पार्टियों का अलायंस बनाया और लोकल लेवल पर अपनी पूरी ताकत लगा दी; हालांकि, नतीजे बताते हैं कि शिवसेना समेत सभी घटक पार्टियां BJP को रोकने के लिए जूझ रही थीं। बहुत कड़े मुकाबले में, भारतीय जनता पार्टी 37 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि शिवसेना को सिर्फ एक सीट से पीछे रहकर 36 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा।

BJP विरोधी स्ट्रैटेजी के तौर पर, शिवसेना ने लोकल पॉलिटिक्स में लगभग सभी संभावनाओं को आजमाया था। लोकल टीम ओमी कलानी, साई पार्टी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया और PRP को साथ लेकर BJP को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की गई थी। हालांकि, नतीजों से पता चला कि यह अलायंस असल वोटिंग में उतना असरदार नहीं था, जितना कागजों पर दिख रहा था। काउंटिंग शुरू होने से ही टेंशन वाला माहौल बन गया था। पोस्टल वोट के बाद वार्ड के हिसाब से नतीजे घोषित हो रहे थे, कभी शिवसेना तो कभी BJP आगे चल रही थी। हालांकि, दोपहर बाद BJP ने कई ज़रूरी वार्ड में बड़ी बढ़त बना ली, जिससे शिवसेना खेमे में चिंता बढ़ गई। BJP उम्मीदवारों के नतीजे घोषित होते ही कार्यकर्ताओं ने 'जय श्री राम' के नारे लगाकर और ढोल, गुलाल और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया। इस बीच, शिवसेना ने भी कुछ... वोटिंग परसेंटेज बढ़कर 52.10 परसेंट होने, रैलियों के बाद भी अफरा-तफरी, टेंशन और बड़ी संख्या में वोट पड़ने से शहर में इस बात को लेकर काफी उत्सुकता थी कि बढ़ा हुआ वोट किसे मिलेगा। आखिर में नतीजों से यह साफ हो गया कि इस बढ़े हुए वोट का काफी फायदा BJP को हुआ।

कुल मिलाकर, उल्हासनगर का वोट ऐसा नहीं है जो किसी को एकतरफा ताकत दे, और आगे की राजनीति अब सरकार बनाने के लिए बातचीत, समझौते और राजनीतिक दांव-पेंच पर निर्भर करेगी। हालांकि BJP आगे चल रही है, लेकिन आने वाले दिनों में शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज़ होने की संभावना है, ताकि यह तय हो सके कि आखिर सत्ता किसके हाथ लगेगी।

वार्ड कम होने से बढ़त कम हो गई। इस वजह से 37 बनाम 36 की कड़ी टक्कर आखिर तक जारी रही। हालांकि, पांच पार्टियों के सपोर्ट के बावजूद BJP को पूरी तरह से रोका नहीं जा सका, जिससे शिवसेना की राजनीतिक रणनीति पर सवालिया निशान लग गया है। इस चुनाव में वंचित बहुजन अघाड़ी को मिली दो सीटें बहुत निर्णायक रही हैं।

# उल्हासनगर में कुर्सी का खेल शुरू

- ■ कुल 8 स्वीकृत नगरसेवक होंगे
- ■ महापौर आरक्षण पर निर्भर है महापौर का चेहरा
- ■ वंचित बहुजन आघाडी का होगा उप महापौर!







**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका चुनाव में किसी भी पार्टी को साफ बहुमत नहीं मिलने से अब 5 उन नए नगरसेवकों पर नजर टिकी हुई है जो बहुमत के जादुई आंकड़े को पार करने में भाजपा अथवा शिवसेना का समर्थन करेंगे। 78 सीटों वाली महानगरपालिका में बहुमत के लिए 40 सीटों की जरूरत होती है, लेकिन दोनों प्रमुख पार्टियां इस आंकड़े से बस थोड़ी ही दूर हैं। अगर वंचित बहुजन आघाडी के दो नगरसेवक उपमहापौर के बदले समर्थन देते हैं तो शिवसेना के लिए महापौर पद हासिल करना आसान हो जाएगा। ऐसी चर्चा चल रही है।

चुनाव नतीजों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी ने अकेले दम पर 37 सीटें जीती हैं शिवसेना व उनके सहयोगी दो सहयोग साई पक्ष -1 और अपक्ष -1 ने 38 सीटें जीती हैं। वंचित बहुजन आघाडी को 2 सीटें मिली हैं, जबकि कांग्रेस को 1 सीट मिली है। इस नतीजे की वजह से, दोनों बड़े दलों को महानगरपालिका में सरकार बनाने के लिए छोटी पार्टियों का समर्थन लेने जरूरत है। बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने के लिए शिवसेना गठबंधन को कम से कम 2 और सीटों का समर्थन चाहिए, जबकि BJP को सत्ता में आने के लिए 3 सीटों की जरूरत है।

इस वजह से, वंचित बहुजन आघाडी और कांग्रेस जैसी छोटी पार्टियों की भूमिका अब निर्णायक होगी। नतीजे घोषित होते ही राजनीतिक गतिविधियों ने ज़ोर पकड़ लिया है और अलग-अलग पार्टियों के बीच चर्चा, मीटिंग और संपर्क शुरू हो गए हैं। शहर के राजनीतिक हलकों में अभी चर्चा है कि कांग्रेस और वंचित विकास आघाडी अलग-अलग ग्रुप बनाकर शिवसेना गठबंधन को सपोर्ट करने की तैयारी में हैं। अगर ऐसा होता है, तो शिवसेना गठबंधन के 38, कांग्रेस के 1 और वंचित विकास आघाडी के 2 नगरसेवकों को मिलाकर कुल 41 नगरसेवकों का सपोर्ट मिल जाएगा। इसलिए, शिवसेना गठबंधन आसानी से बहुमत का आंकड़ा पार कर सरकार बना लेगा।

इससे पहले, भंग हुई मनपा में भी कांग्रेस ने शिवसेना को बाहर से सपोर्ट किया था और शिवसेना का महापौर बना था। इसी बैकग्राउंड में, BJP भी इस बार कोशिश कर रही है। BJP के पास 37 नगरसेवक हैं और अगर उन्हें भी वंचित बहुजन आघाडी और कांग्रेस का सपोर्ट मिल जाता है, तो वे भी मेयर बन सकते हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के आदेश पर विधायक कुमार आयलानी और जिला अध्यक्ष राजेश वधारिया भी सत्ता बनाने की कवायद शुरू कर दी है।

### कांग्रेस न्यूट्रल रहेगी

कांग्रेस की अंजलि साल्वे पैनल नंबर 18 से तीसरी बार चुनी गई हैं। उनके बेटे रोहित साल्वे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हैं। रोहित साल्वे ने कहा कि वे वरिष्ठों से मिलकर इस मामले पर चर्चा करेंगे और फिर कोई फैसला लेंगे। क्योंकि कांग्रेस और वंचित बहुजन आघाडी की विचारधारा BJP से मेल नहीं खाती, इसलिए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शिवसेना को सपोर्ट मिलेगा। इसलिए, राजनीतिक हलकों में यह लगभग तय है कि उल्हासनगर महानगरपालिका में शिवसेना का महापौर बनाया जाएगा।

### शिवसेना नगरसेवक लोनावला पहुंचे

उल्हासनगर मनपा चुनाव में 36 सीटों पर विजयी हुए शिवसेना नगरसेवक अपने आकाओं और सहयोगी पक्षों के साथ लोनावला पहुंच गए हैं। वहां पर ही सत्ता बनाने की कवायद और वंचित बहुजन आघाडी को अपने साथ लेने की रणनीति बनाई जाएगी। हालांकि यह पता चला है कि नतीजों के तुरंत बाद ही सेना नेताओं ने वंचित को अपने साथ कर लिया है और अपना गणित बिठा लिया है। अब चुनाव बाद सभी नेता लोनावला में छुट्टी मनाने गए हैं। सेना का भाजपा को विरोधी पक्ष में बिठाने का प्लान तैयार किया जा रहा है। सूत्रों से खबर मिली है कि दोनों पक्ष से 8 स्वीकृत नगरसेवक चुने जाएंगे जिसमें भाजपा-4 व शिवसेना-4 अब देखना है कि कौन नए चेहरे अथवा पुराने चेहरों पर पक्ष लाता है।

# आखिरकार हाजीमलंग पर फ़्यूनिक्युलर का हुआ उद्घाटन





### हाजीमलंग उर्स मेला 2 फरवरी को

हाजीमलंग मेला यात्रा 29 जनवरी से 6 फरवरी तक आयोजित की गई है. यात्रा की तैयारी हेतु में SDM ऑफिस में अधिकारियों की एक बैठक की गई. पुलिस ने यात्रा के लिए कड़े सुरक्षा इंतज़ाम किए हैं.



**कल्याण.** कल्याण की हाजीमलंग पहाड़ी पर इक्कीस साल बाद फ़्यूनिक्युलर रोपवे सेवा शुरू हुई है, जिसका उदघाटन रविवार को मुरबाड़ के विधायक किसन कथोरे और कल्याण पूर्व की विधायक सुलभा गायकवाड ने किया है। यह पायलट प्रोजेक्ट 2004 में शुरू हुई थी। लेकिन राजनीतिक अड़चनों के कारण इसे शुरू करने में इक्कीस साल लग गए। बताया जाता है कि फ़्यूनिक्युलर रोपवे ट्रेन के शुरू होने से दो घंटे की दूरी दस मिनट में तय की जा सकेगी। खास बात यह है कि यह सर्विस 'सुप्रीम कंपनी' ने भक्तों के लिए दो दिन तक फ्री रखा है। हाजीमलंग यात्रा से पहले भक्तों की सुविधा के लिए फ़्यूनिक्युलर सर्विस शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि यह पायलट प्रोजेक्ट विधायक किसन कथोरे ने 2004 में रखा था। तत्कालीन मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के समय इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। लेकिन इसे नज़रअंदाज़ कर दिया गया था। उसके बाद 2012 में फिर काम शुरू हुआ, और विधानसभा क्षेत्र के परशीमन के बाद यह प्रोजेक्ट अधर में लटक गया। बाद में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने इस कार्य को आगे बढ़ाया। आखिरकार इस साल 2026 में फ़्यूनिक्युलर का उदघाटन रविवार को मुरबाड़ के विधायक किसन कथोरे और कल्याण पूर्व की विधायक सुलभा गायकवाड ने किया। यहां भक्तों को हाजीमलंग की पहाड़ी पर जाने के लिए करीब 2600 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती थी। अब इस सुविधा के बाद 2 घंटे की दूरी सिर्फ़ 10 मिनट में तय की जा सकती है, और इस फ़्यूनिक्युलर रोपवे ट्रेन से एक साथ 120 लोग सफ़र कर सकते हैं।

# पूर्व महापौर समेत दिग्गजों की हार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर वासियों ने सीधे ईवीएम के ज़रिए राजनीतिक भूचाल ला दिया। मतदाताओं ने सालों से सत्ता के केंद्र में रहे दिग्गजों को झटका दिया और बदलाव के लिए वोट किया। 2026 के मनपा चुनाव के नतीजे घोषित होते ही शहर की राजनीति में अभूतपूर्व उथल-पुथल मच गई और अब तक 'अजेय' माने जा रहे कई चेहरे हार के सदमे से हिल गए।

उल्हासनगर मनपा चुनाव 2026 शहर के राजनीतिक इतिहास के सबसे चौंकाने वाले चुनावों में से एक बन गया है। इस चुनाव में वोटरों ने अनुभव, पद और बड़े राजनीतिक नामों को किनारे रखकर बदलाव का संदेश दिया। नतीजतन, कई दिग्गज नेताओं, पूर्व महापौर, उप महापौर और प्रभावशाली पैनल प्रमुखों को हार का सामना करना पड़ा। इन नतीजों की सबसे बड़ी खासियत यह है कि शहर में साई पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है। कभी सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली ये पार्टियां इस बार वोटरों के भरोसे के लायक नहीं रहीं। इसलिए उल्हासनगर के पॉलिटिकल मैप पर एक बड़ा बदलाव साफ तौर पर देखा गया है।

पैनल के हिसाब से नतीजों को देखें तो पैनल नंबर 5 से BJP के राजू जग्यासी और शिवसेना के विक्की भुल्लर को अचानक हार का सामना करना पड़ा। पैनल 7 से रिपब्लिकन पार्टी के भगवान भालेराव हारे, जबकि पैनल 11 से साई पार्टी के चीफ जीवन इदनानी और आशा इदनानी को वोटरों ने नकार दिया। पैनल 15 से BJP के धनंजय बोडारे, वसुधा बोडारे, शीतल कदम, पैनल 16 से साई पार्टी के राजा गेमनानी और पैनल 17 से भरत गंगोत्री भी हारे। इसके अलावा पैनल 19 और पैनल 20 से विजय पाटिल, किशोर वनवारी और पूर्व मेयर अपेक्षा पाटिल की हार भी ध्यान खींचने वाली रही है।

### पुराना समीकरण खत्म, नई राह शुरू

ये नेता शहर की राजनीति में असरदार चेहरे माने जाते थे। लेकिन, इस साल वोटरों ने उनके खिलाफ साफ वोट दिया। कुल मिलाकर, इन नतीजों ने उल्हासनगर की राजनीति में एक मजबूत संदेश दिया है कि 'पुराना समीकरण खत्म हो गया है, नया रास्ता शुरू हो रहा है'। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह बड़ा बदलाव स्थापित नेतृत्व से नाराजगी, स्थानीय मुद्दों से नाखुशी और नए चेहरों को मौका देने की सोच की वजह से आया है। इन नतीजों का असर आने वाले दिनों में नगर निगम के शासन और शहर की राजनीतिक दिशा में साफ दिखेगा।

# प्रदेशाध्यक्ष चव्हाण से मिले उल्हासनगर के भाजपा नेता



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा चुनाव में इतिहास जीत मिलने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया, विधायक कुमार आयलानी, चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी सहित सभी नगरसेवकों ने प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण से मुलाकात ली और उन्हें जीत की बदाई दी। भाजपा वरिष्ठ नेताओं ने मनपा में भाजपा की सत्ता व महापौर कैसे बने इस पर भी चर्चा शुरू हो गई है।

# अंबरनाथ नपा की सभा स्थगित करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया

## ■ आज होने वाला था विषय समितियों का चुनाव



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नपा के विषय समितियों एवं सभापति के आज होने वाले चुनाव (सभा) को उच्च न्यायालय मुंबई ने सोमवार शाम 5 बजे तक स्थगित करने का आदेश अंबरनाथ नपा को जारी किया है. ये चुनाव सभा सोमवार (आज) सुबह 11 बजे उपविभागीय अधिकारी उल्हासनगर की अध्यक्षता में होने वाले थे. अंबरनाथ विकास आघाड़ी (भाजपा) ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करके आह्वान किया है कि उनकी आघाड़ी द्वारा भाजपा 14, एक नगराध्यक्ष कुल 15, कांग्रेस के 12+राकांपा (अप) के चार नगरसेवकों एवं एक निर्दलीय को मिलाकर 32 नगरसेवकों के गट को जिलाधिकारी ठाणे ने पहले दर्ज किया है. बाद में राकांपा के चार सदस्यों ने शिंदे सेना से हाथ मिलाकर दूसरा गट स्थापना करके जिलाधिकारी को खबर की. जिलाधिकारी द्वारा दूसरे गट को मान्यता देना अयोग्य है. दूसरे गट को अवैध ठहराया जाए ऐसा याचिका में कहा गया है. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रविंद्र धुले व न्यायाधीश अभय मंत्री की बेंच ने सुनवाई की है. जिलाधिकारी ने फिर से विचार करे और निर्णय ले, ऐसा उच्च न्यायालय का कहना है. जिलाधिकारी ने दोनों गट के 32+32 नगरसेवकों को मान्यता देने से 64 नगरसेवक हो रहे हैं. जबकि नपा में 59 नगरसेवक और एक नगराध्यक्ष कुल 60 सदस्य हैं. इसका निर्णय आना जरूरी है.

विदित हो कि आज अंबरनाथ नपा के विषय समितियों एवं सभापति, बांधकाम विभाग, स्वच्छता विभाग, जलापूर्ति विभाग, महिला व बाल कल्याण एवं नियोजन विभाग, शिक्षण विभाग के चुनाव सुबह 11 बजे होने वाले थे. न्यायालय ने सोमवार शाम 5 बजे तक ये चुनाव स्थगित करने का आदेश नगर परिषद को दिया है.

## भुल्लर महाराज ने की सांसद शिंदे से मुलाकात



**उल्हासनगर मनपा चुनाव में पैनल 3 में शिवसेना की जीत के बाद बधाई देने पहुंचे शहर प्रमुख राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज व सभी विजयी नगरसेवक।**

## फूड प्वाइजनिंग होने से शादी समारोह स्थगित

**कल्याण.** हल्दी समारोह में खाना खाने के बाद 40 से 50 मेहमानों को फ़ूड पॉइजनिंग होने का चिंताजनक मामला सामने आया है। घटना कल्याण पश्चिम के खड़कपाड़ा स्थित मोहन प्राइड इमारत की है। दर्जनों मेहमानों की तबियत बिगड़ती देख परिजनों ने विवाह समारोह को रद्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार हल्दी समारोह में परोसा गया खाना बाहर से लाया गया था। वधु के परिजनों ने राज विकास पराठे-केसरिन कैटरिंग को खाने का आर्डर दिया था।

# पैनल 6 में प्रेरणा अजीत माखीजानी ने रिकार्ड तोड़ 7840 वोट लिए

## ■ 2353 वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हराया





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका के पैनल 6 में सबकी नजरें टिकी हुई थी यह वार्ड सही मायनों में अहम रहा। पैनल 6 ब से शिवसेना की उम्मीदवार प्रेरणा अजीत माखीजानी की टक्कर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया की बहु आयशा वधरिया से थी। सेना उम्मीदवार प्रेरणा माखीजानी ने 7840 वोट लिए जबकि आयशा वधरिया ने 5487 वोट लिए। प्रेरणा माखीजानी ने 1527 वोटों से जीत हासिल की। उल्हासनगर मनपा चुनाव में किसी भी उम्मीदवार ने 7 हजार से ज्यादा वोट नहीं लिए लेकिन प्रेरणा माखीजानी ने सभी को रिकार्ड तोड़कर जीत दर्ज की है। श्रीमती माखीजानी का यह पहला चुनाव है और इस चुनाव के लिए उन्होंने पिछले कई सालों से वार्ड में मेहनत की जिसका परिणाम आज उन्हें सबसे ज्यादा वोट हासिल हुए। उनके पति अजित माखीजानी ने कहा कि यह इतनी बड़ी जीत और इतने सारे वोट जो मिले हैं यह वार्डवासियों का प्यार है जो पिछले कई वर्षों से मुझे मिल रहा है। अब इस प्यार के बदले में वार्डवासियों के विकास का कार्य जल्द से जल्द शुरू करूंगा।

# उल्हासनगर-खड़कपाड़ा 'मेट्रो 5ब' अधर में लटका

## ■ MMRDA को प्लान की मंज़ूरी का इंतज़ार

**मुंबई.** मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MMRDA) ने 'ठाणे – भिवंडी – कल्याण मेट्रो 5' लाइन को उल्हासनगर तक बढ़ाने का फ़ैसला किया है। इसके मुताबिक, 'मेट्रो 5' को 'मेट्रो 5 ब' लाइन के तहत खड़कपाड़ा – उल्हासनगर तक बढ़ाया जाएगा और इस बारे में डिटेल्ड प्लान मंज़ूरी के लिए राज्य सरकार को भेज दिया गया है। वहीं 'शिवाजी चौक – विरार मेट्रो 13' लाइन के प्लान का प्रपोज़ल भी लालफीताशाही में फंसा हुआ है। इसलिए, MMRDA इन दोनों प्रोजेक्ट्स की मंज़ूरी का इंतज़ार कर रहा है।

मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन के 14 मेट्रो प्रोजेक्ट्स में से 'मेट्रो 5' लाइन के पहले फ़ेज़ पर अभी MMRDA काम कर रहा है। MMRDA ने अब इस 24.9 km लंबी लाइन को उल्हासनगर तक बढ़ाने का फ़ैसला किया है। इसके मुताबिक, खड़कपाड़ा से उल्हासनगर तक 7.7 km लंबी 'मेट्रो 5B' लाइन का डिटेल्ड प्लान तैयार किया गया है।

प्लान का प्रपोज़ल मंज़ूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा गया है। प्रपोज़ल भेजने के एक से डेढ़ साल बाद भी इस प्रपोज़ल को मंज़ूरी नहीं मिली है। इस वजह से, सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट के असल में लागू होने में देरी हो रही है। वहीं, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन की एक और ज़रूरी लाइन के काम में भी देरी हुई है। यह लाइन 'मेट्रो 13' लाइन है। MMRDA ने शिवाजी चौक से विरार तक 23 km लंबी 'मेट्रो 13' लाइन का भी डिटेल्ड प्लान तैयार किया है। यह प्लान भी मंज़ूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा गया है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि इस प्रपोज़ल को अभी तक मंज़ूरी नहीं मिली है।



अभी, MMRDA की तरफ से छह-सात लाइनों पर काम चल रहा है। जबकि 'मेट्रो 13' अभी भी कागज़ों पर है। MMRDA का लक्ष्य नए साल में बाकी लाइनों पर काम शुरू करना है, लेकिन 'मेट्रो 13' और 'मेट्रो 5B' का प्रपोज़ल रेड टेप में फंसा हुआ है। अगर प्लान को मंज़ूरी मिलती है, तो ही टेंडर प्रोसेस और ज़मीन अधिग्रहण पूरा करके इस साल असल में काम शुरू किया जा सकेगा। सूत्रों ने बताया कि 'मेट्रो 13' लाइन के लिए ज़मीन अधिग्रहण करना होगा और यह ज़मीन अधिग्रहण भी रुका हुआ है। इसलिए, अब 'मेट्रो 5B' और 'मेट्रो 13' लाइनों के प्लान को मंज़ूरी मिलने के साथ-साथ MMRDA को 'मेट्रो 13' लाइन के लिए ज़मीन अधिग्रहण का काम भी आगे बढ़ाना होगा।

उल्हास विकास



जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. - वाल्मीकि

उल्हास विकास

संपादकीय

## स्वच्छ ईंधन की चेतावनी

जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है।

विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं।

गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं।

वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देशों पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है।

लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

# वेनेजुएला और ईरान के बाद अब ग्रीनलैंड पर ट्रंप की नजर

अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून को धता बताकर वेनेजुएला पर अमेरिका के हमले और वहां के राष्ट्रपति के अपहरण की चर्चा अभी समाप्त भी नहीं हुई थी कि डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने का एलान कर दिया। हालांकि ग्रीनलैंड को हासिल करने की बातें उन्होंने पहले भी की थीं, लेकिन तब अंतरराष्ट्रीय समुदाय और विशेष रूप से यूरोप ने उनकी बातों को हल्के में लिया था, लेकिन अब उनकी चिंता बढ़ रही है, क्योंकि ट्रंप डेनमार्क के इस स्वायत्तशासी क्षेत्र पर हर हाल में कब्जे के इरादे जता रहे हैं।

इस कारण सैन्य संगठन नाटो में शामिल कुछ यूरोपीय देश अपने सैनिकों को ग्रीनलैंड भेज रहे हैं। ग्रीनलैंड के साथ डेनमार्क के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया है कि वे ट्रंप के इरादों को पूरा नहीं होने देंगे, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति किसी की नहीं सुन रहे हैं। वे नाटो का अंत होने की डेनमार्क की चेतावनी का उपहास उड़ाकर कह रहे हैं कि यदि आज से पांच सौ साल पहले डेनमार्क की कोई नौका ग्रीनलैंड पहुंची तो इसका यह अर्थ नहीं कि वह उसका हो गया।

ग्रीनलैंड का क्षेत्रफल भारत के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत है। यह विश्व का सबसे बड़ा द्वीप है। यहां तेल, गैस और दुर्लभ खनिज के भंडार हैं। यहां की बर्फ पिघलने के कारण इन संसाधनों के दोहन की संभावनाएं बढ़ रही हैं। जाहिर है कि इन पर ट्रंप की भी निगाह है। इसके अलावा इस द्वीप का सामरिक महत्व भी है। चूंकि ग्रीनलैंड के साथ उसके आसपास की भी बर्फ पिघल रही है, इसलिए समुद्री रास्तों से वहां तक रूस और चीन की पहुंच आसान हो रही है। इसी कारण ट्रंप कह रहे हैं कि ग्रीनलैंड पर रूस और चीन की निगाह है।



हालांकि अतीत में भी अमेरिका के राष्ट्रपतियों ने ग्रीनलैंड को अपना हिस्सा बनाने की बातें की थीं, पर वे कभी इस दिशा आगे नहीं बढ़े। हां, एक समझौते के तहत 1951 में अमेरिका ने ग्रीनलैंड में अपना सैन्य अड्डा कायम कर लिया। यह अभी भी है। ट्रंप का तर्क है कि रूस और चीन का ग्रीनलैंड पर वर्चस्व कायम हो, इसके पहले अमेरिका को उसे अपना हिस्सा बना लेना चाहिए। रूस का कहना है कि ट्रंप अकारण यह कह रहे हैं कि वह ग्रीनलैंड पर कब्जा करना चाहता है। जो भी हो, आज यह नहीं कहा जा सकता कि रूस या फिर चीन अमेरिका को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने से रोक सकेंगे।

इसका कारण यह है कि यूरोपीय देश रूस की मदद लेने को तो बिल्कुल भी तैयार नहीं होंगे, क्योंकि वह पहले से ही उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बना हुआ है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध ने यूरोपीय देशों को सशंकित कर रखा है। ऐसे में यदि ट्रंप ग्रीनलैंड पर सच में कब्जा करने की दिशा में आगे बढ़ें तो हैरानी नहीं। डेनमार्क और यूरोपीय देशों के विरोध के बावजूद एक चिंताजनक तथ्य यह है कि अमेरिका में कई सांसद ट्रंप के इस विचार से सहमत हैं कि ग्रीनलैंड को वैसे ही अमेरिका का हिस्सा बनाना चाहिए, जैसे अलास्का को बनाया गया था। कहना कठिन है कि आगे क्या स्थितियां बनेंगी, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप के रवैये से यूरोप के साथ-साथ शेष विश्व भी चिंतित है।

ट्रंप केवल ग्रीनलैंड में ही कब्जा करने के लिए उतावले नहीं दिख रहे हैं। वे ईरान में भी सैन्य हस्तक्षेप करने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि पिछले दिनों उन्होंने यह कहा कि फिलहाल ईरान में दखल देने की जरूरत नहीं, लेकिन उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं की ईरान की कट्टरपंथी इस्लामी सत्ता उन्हें स्वीकार नहीं। वास्तव में अमेरिका को वह कोई भी देश रास नहीं आता, जो उसके इशारे पर न चले।

अमेरिका ने इस आधार पर ईरान पर तमाम प्रतिबंध लगा रखे हैं कि वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। इन प्रतिबंधों के कारण ही ईरान आर्थिक संकट से घिरा और उसके चलते वहां लोग सड़कों पर उतर आए। ईरानी सत्ता अपने लोगों की बात सुनने के बजाय उनकी आवाज सख्ती से दबा रही है। इसके चलते वहां सैकड़ों लोग मारे गए हैं। ट्रंप ईरान की उथल-पुथल का लाभ उठाने की कोशिश में दिखते हैं। वे कह रहे हैं कि ईरान के लोग अपना विरोध जारी रखें।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

खुशी के बाहरी स्रोत हमसे छिन सकते हैं,
लेकिन हमारे अंतर में खुशी का स्थाई स्रोत मौजूद है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# बढ़ती बेरोजगारी रोक रही है 'विकसित भारत' की राह?

देश में पिछले कुछ वर्षों से बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है। इससे बड़े स्तर पर युवा श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है और यह राष्ट्र के संपूर्ण विकास में भी अवरोध पैदा कर रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था को तभी संतुलित माना जाता है, जब उसमें आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हों। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुल कार्यबल तथा जनसंख्या के लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा देश है। यहां युवाओं की आबादी अन्य देशों की तुलना में अधिक है। मगर इस कार्यबल को व्यापक रूप से राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी के समान अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।



इसका आकलन केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी रपट से किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि देश में पंद्रह वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के बीच बेरोजगारी दर पिछले वर्ष दिसंबर में बढ़कर 4.8 फीसद पर पहुंच गई, जबकि नवंबर में यह आंकड़ा 4.7 फीसद था। शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी का असर ज्यादा रहा, जहां इसकी दर नवंबर में 6.5 फीसद से बढ़कर 6.7 फीसद हो गई। इससे स्पष्ट है कि सरकारी और निजी संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में रोजगार के अवसर घट रहे हैं।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार की ओर से 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसी योजनाओं की शुरुआत की गई है, लेकिन इनका असर विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग रहा है। कई युवा और श्रमिक वर्ग अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं।

कृत्रिम मेधा और डिजिटलीकरण के कारण भी रोजगार में कमी आई है। हालांकि, डिजिटल क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं, लेकिन इनमें भी विशेष कौशल की आवश्यकता होती है, जो हर किसी के पास नहीं है। इसमें दोराय नहीं कि रोजगार की मांग के अनुपात में सरकारी नौकरियों की संख्या में वृद्धि नहीं हो पा रही है।

इसके अलावा, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और परीक्षा प्रणाली के मुद्दे भी रोजगार हासिल करने के समान अवसरों को प्रभावित करते हैं। हालांकि आंकड़ों के हिसाब से देखें तो शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में राहत की बात यह है कि वहां पिछले वर्ष नवंबर से दिसंबर के बीच बेरोजगारी दर 3.9 फीसद पर स्थिर है।

दरअसल, किसी भी देश में संपूर्ण आर्थिक विकास तभी संभव हो पाता है, जब सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो, प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी तथा गरीबी, भुखमरी और सामाजिक असमानता में कमी आए तथा रोजगार की उपलब्धता और प्रति व्यक्ति खुशहाली हो। विकास का माडल ऐसा होना चाहिए, जिसमें रोजगार के अवसर, गरीबों का उत्थान और किसानों की समृद्धि सुनिश्चित हो सके तथा महंगाई की दर कम रहे।

सवाल है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, क्या मौजूदा परिस्थितियों की लिहाज से उसे तय समय में हासिल किया जा सकेगा! यह सच है कि बेरोजगारी दर में उतार-चढ़ाव से देश के विकास पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।

ऐसे में सरकार को चाहिए कि बेरोजगारी दर में कमी लाने के लिए शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ने को प्राथमिकता दी जाए और सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएं। तभी भारत सही मायने में एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ पाएगा।

# दुर्लभ छिपकली : नहीं होते हाथ, केवल हैं पिछले पैर

## जरा हट के

दुनिया में कई अनोखे जीव हैं और कई ऐसे भी हैं जिनके बारे में ज्यादा जानकारी ही नहीं मिल पाई है. वैज्ञानिक अभी भी इन जीवों के बारे में खोजबीन करते रहते हैं. पिछले साल एक ऐसे ही जीव का पता लगा था जिसने लोगों को चौंका दिया था. ये एक दुर्लभ छिपकली थी, जिसके हाथ-पैर ही नहीं थे. जब वैज्ञानिकों को ये पहली बार मिली तो उन्हें इसे देखकर काफी हैरानी हुई और उन्होंने भी माना कि अभी भी धरती पर कितना कुछ इंसानों को नहीं पता चल पाया है. ऑस्ट्रेलियन वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन की नवंबर 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों को ऑस्ट्रेलिया के गल्फ ऑफ कार्पेंटेरिया में स्लाइडर स्किंक की नई प्रजाति मिली है. स्किंक को भारत में बभनी के नाम से जाना जाता है और बच्चों को इसे सांप की मौसी कहकर परिचित करवाया जाता है.



वैज्ञानिकों का कहना है कि गल्फ ऑफ कार्पेंटेरिया इलाके में अभी भी वैज्ञानिकों को काफी कुछ पता लगाना है. इस नए जीव को Lerista munuwajarlu नाम दिया गया है जो गर्रवा भाषा का शब्द है. मुनुवा का अर्थ है No और जार्लू का अर्थ है Arm, यानी बिना हाथ-पैर वाली छिपकली.

इस जीव का कॉमन नाम गल्फ कोस्टल स्लाइडर है. सर्वे में रिसर्चर्स को ये जीव 10 साल के अंतराल पर दो बार मिला है. ये जीव ऑस्ट्रेलियन वाइल्डलाइफ कंजर्वेंसी के पुंगालिना सेवन ईमू वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में मिला था जो गल्फ ऑफ कार्पेंटेरिया के इलाके में है. इस इलाके में इंसानों ने काफी कम सर्वे किए हैं, इस वजह से यहां पर कई चीजों के बारे में जानकारी नहीं है. उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में काफी काम करने वाली डॉ. एरिडानी मुल्डर ने कहा कि इस इलाके में रिसर्च कम हुई है, जिसके चलते अभी भी वैज्ञानिकों को बायोडायवर्सिटी के बारे में काफी कुछ जानने की आवश्यकता है.

उन्होंने कहा कि अगर ये जीव अभी इसी इलाके में मिला है, तो वैज्ञानिकों को इस इलाके की अच्छे से छानबीन करनी चाहिए. जेनेटिक एनालिसिस से पता चला है कि ये नई प्रजाति अन्य बभनियों की दूर की रिश्तेदार है जो उत्तरी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं.

# गार्लिक पराठा




**लहसुन की तासीर गर्म होती है, इसलिए यह सर्दियों में शरीर को गर्माहट देने के लिए बेस्ट है और सबसे अच्छी बात? इसे बनाने के लिए आपको घंटों किचन में खड़े रहने की जरुरत नहीं है, क्योंकि यह मिनटों में तैयार हो जाता है। ढाबे के पराठों में जो कुरकुरापन और मक्खन का स्वाद होता है, वही स्वाद अब आप अपने घर की रसोई में ला सकते हैं। जब मक्खन में भुना हुआ लहसुन और हरी धनिया पराठे की परतों के बीच पकता है, तो उसकी खुशबू से ही भूख बढ़ जाती है।**

### सामग्री

- गेहूं का आटा (गुंथा हुआ)
- ताज़ा लहसुन (बारीक कटा हुआ या कद्दूकस किया हुआ)
- मक्खन (थोड़ा पिघला हुआ)
- बारीक कटी हरी मिर्च और धनिया
- चिली फ्लेक्स (अगर तीखा पसंद हो)
- नमक स्वादानुसार

### बनाने की विधि

सबसे पहले एक कटोरी में पिघला हुआ मक्खन लें। इसमें ढेर सारा बारीक कटा लहसुन, हरी धनिया, हरी मिर्च और थोड़ा सा नमक मिला लें। यह आपका 'गार्लिक बटर' मिक्स तैयार है।



आटे की एक लोई लें और उसे एक बड़ी और पतली रोटी की तरह बेल लें। अब बेली हुई रोटी पर अपना तैयार किया हुआ 'गार्लिक बटर' अच्छे से फैलाएं। अब इसे पंखे की तरह फोल्ड करें और दोबारा गोल लोई बनाकर बेल लें। इससे पराठे में ढेर सारी परतें बनेंगी।

तवे को गर्म करें और पराठे को दोनों तरफ से घी या मक्खन लगाकर तब तक सेकें जब तक वह सुनहरा और कुरकुरा न हो जाए।

बस फिर, इस गरमा-गरम, कुरकुरे गार्लिक पराठे को आप सादे दही, अचार या फिर अदरक वाली कड़क चाय के साथ सर्व करें। यकीन मानिए, घर के बच्चे हों या बड़े, यह डिश सबकी फेवरेट बन जाएगी।

# बिना नमक और टेंशन के भी बढ़ सकता है आपका BP

### दिमाग का 'लैटरल पैराफेशियल रीजन' है असली मास्टरमाइंड

अक्सर हम यही मानते आए हैं कि हाई ब्लड प्रेशर की मुख्य वजहें हमारा खान-पान, ज्यादा नमक, तनाव या मोटापा हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के ऑकलैंड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपनी नई रिसर्च में एक ऐसा खुलासा किया है जो पुरानी मान्यताओं को बदलने वाला है।

उन्होंने दावा किया है कि बीपी बढ़ने के पीछे सिर्फ हमारा लाइफस्टाइल ही नहीं, बल्कि हमारे दिमाग का एक खास हिस्सा भी जिम्मेदार होता है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, हमारे दिमाग के निचले हिस्से में 'लैटरल पैराफेशियल रीजन' नाम का एक विशेष भाग होता है। आम तौर पर यह हिस्सा हमारे शरीर के उन कार्यों को नियंत्रित करता है जो अपने आप होते हैं, जैसे- खाना पचाना, सांस लेना और दिल की धड़कन को संभालना, लेकिन अब यह बात सामने आई है कि इसी हिस्से में मौजूद कुछ नसें ब्लड प्रेशर को बढ़ाने का काम करती हैं।

### हंसने और खांसने से कैसे बढ़ता है बीपी?

यह जानकर आपको हैरानी होगी कि हमारी रोजमर्रा की सामान्य हरकतें भी बीपी बढ़ा सकती हैं। जब हम हंसते हैं, एक्सरसाइज करते हैं या जोर से खांसते हैं, तो दिमाग का यह 'लैटरल पैराफेशियल रीजन' सक्रिय हो जाता है। इसके सक्रिय होते ही वे नसें जाग जाती हैं जो खून की नलियों को सिकोड़ने का काम करती हैं।

जब खून की नलियां सिकुड़ती हैं, तो खून के बहाव के लिए जगह कम हो जाती है, जिससे शरीर में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। अगर यह प्रक्रिया बार-बार होती है, तो इंसान को हाइपरटेंशन जैसी पुरानी बीमारी घेर सकती है।




### सिर्फ नमक और शराब ही नहीं हैं दोषी

अब तक मेडिकल साइंस में यही माना जाता था कि हाई बीपी का मुख्य कारण तनाव, खाने में ज्यादा नमक, मोटापा और शराब का सेवन है, लेकिन नई खोज बताती है कि असल में दिमाग ही वह 'कंट्रोल रूम' है जो दिल की धड़कन और नसों के आकार को सिग्नल भेजकर बीपी को एडजस्ट करता है। इसके अलावा, शरीर में मौजूद कुछ खास प्रोटीन भी दिमाग को जरूरत से ज्यादा एक्टिव कर देते हैं, जिससे ब्लड प्रेशर अनियंत्रित हो जाता है।

### इलाज की नई उम्मीद

वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज भविष्य में हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकती है। अब जब हमें यह पता चल गया है कि समस्या की जड़ दिमाग की नसों में भी है, तो भविष्य में सिर्फ दवाओं पर निर्भर रहने के बजाय, इस बीमारी का कोई सरल और सटीक इलाज खोजा जा सकेगा।

### फिजिकल एक्टिविटी की कमी

अगर आप दुबले-पतले हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि आप सुरक्षित हैं। अगर आप दिन भर बैठे रहते हैं और कोई एक्सरसाइज नहीं करते, तो यह चिंता का विषय है। फिजिकल एक्टिविटी न होने से आपकी ब्लड वेसल्स सख्त हो सकती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है।

### नींद का पूरा न होना

नींद का हमारी सेहत से गहरा नाता है। अगर आप रोजाना 6 से 8 घंटे की गहरी नींद नहीं ले रहे हैं, तो इससे शरीर के हार्मोन्स का संतुलन बिगड़ जाता है। यह हार्मोनल गड़बड़ी धीरे-धीरे आपके BP को बढ़ा सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे।

**वृषभ** : फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है।

**मिथुन** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

**कर्क** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

**सिंह** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे।

**कन्या** : जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

**तुला** : भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा।

**वृश्चिक** : भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**धनु** : स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। परिवार की मदद मिलेगी।

**मकर** : कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

**कुंभ** : पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा।

**मीन** : पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मोटापे के लिए वरदान है मिल्की मशरूम

आजकल लोग हेल्दी लाइफस्टाइल और हेल्दी खान-पान की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे में मिल्की मशरूम एक सुपरफूड के रूप में तेजी से पॉपुलर हो रहा है। सफेद रंग और सॉफ्ट बनावट वाला यह मशरूम न केवल स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान जैसा है, वहीं वेट लॉस करने वालों के लिए भी यह बेहतरीन ऑप्शन है। आइए जानते हैं इसके कुछ फायदों के बारे में।

### मिल्की मशरूम के फायदे क्या हैं?

**डायबिटीज कंट्रोल करने में सहायक-** मिल्की मशरूम में डायटरी फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को संतुलित रखने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद बीटा-ग्लूकान शुगर के अब्जॉर्पशन को धीमा करता है, जिससे डायबिटीज के मरीजों को ब्लड शुगर स्पाइक की प्रॉब्लम कम होती है।

**वेट लॉस में मददगार-** जिन लोगों को वजन घटाना है उनके लिए मिल्की मशरूम बेहतरीन ऑप्शन है। इसमें कैलोरी और फैट कम होता है, जबकि प्रोटीन और फाइबर ज्यादा। इसे खाने से लंबे समय तक पेट भरा महसूस होता है, जिससे गैर-जरूरी स्नैकिंग और ओवरईटिंग कम होती है।



**इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है-** मिल्की मशरूम में मौजूद विटामिन-सी, बी-कॉम्प्लेक्स, और मिनरल्स शरीर की इम्युनिटी बढ़ाने का काम करते हैं। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण शरीर को इन्फेक्शन और वायरल बीमारियों से बचाते हैं।

**हार्ट को रखे हेल्दी-** इस मशरूम में लो-फैट और हाई फाइबर मौजूद होता है, जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करता है। यह हार्ट की आर्टरीज को ब्लॉकेज से बचाने और हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में सहायक है।

**डाइजेस्टिव सिस्टम के लिए फायदेमंद-** इसमें मौजूद डायटरी फाइबर कब्ज की समस्या को कम करता है और पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है। नियमित रूप से इसे खाने से आंतों का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

**स्किन और बालों के लिए उपयोगी-** मिल्की मशरूम में एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स भरपूर होते हैं, जो स्किन को समय से पहले बूढ़ा होने से बचाते हैं। वहीं, इसमें मौजूद प्रोटीन और आयरन बालों को मजबूत और घना बनाने में मदद करते हैं।

**हड्डियों को मजबूत बनाए-** मिल्की मशरूम कैल्शियम और विटामिन-डी का अच्छा सोर्स है। यह हड्डियों की मजबूती और जोड़ों के दर्द से राहत देने में सहायक है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए यह फायदेमंद माना जाता है।

**कैंसर से बचाव-** मिल्की मशरूम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और बायोएक्टिव कंपाउंड्स, कैंसर सेल्स की बढ़ोतरी को रोकने में मदद कर सकते हैं।

**एनर्जी और स्टैमिना बढ़ाए-** इस मशरूम में प्रोटीन और जरूरी अमीनो एसिड्स मौजूद होते हैं, जो शरीर को एनर्जी देने और स्टैमिना बढ़ाने में मददगार हैं।

# इस खूबसूरत फूल की खुशबू से भागेगा स्ट्रेस!

चमेली का पौधा मनमोहक खुशबू के लिए जाना जाता है लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि यह एक प्रभावशाली जड़ी-बूटी भी है. आयुर्वेद में चमेली को औषधीय गुणों से भरपूर माना गया है. मध्य प्रदेश के सीधी के आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ विपिन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चमेली की खुशबू न केवल मन को प्रसन्न करती है बल्कि दिमाग को भी शक्तिशाली बनाती है और मानसिक तनाव को कम करने में मदद करती है. यही कारण है कि चमेली के फूलों का उपयोग कई आयुर्वेदिक दवाइयों के निर्माण में किया जाता है.



उन्होंने आगे बताया कि चमेली के तेल को एंटीसेप्टिक के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है. यदि किसी प्रकार की चोट या घाव हो जाए, तो रूई को चमेली के तेल में भिगोकर प्रभावित स्थान पर लगाने से दर्द में राहत मिलती है और घाव जल्दी भरने लगता है. यह तेल त्वचा के लिए भी लाभकारी माना जाता है और संक्रमण से बचाव करता है.

### मुंह के छालों से मिलेगी राहत...

डॉ सिंह के अनुसार, मुंह के छालों की समस्या से परेशान लोगों के लिए भी चमेली लाभदायक है. चमेली की ताजी पत्तियों को अच्छी तरह धोकर धीरे-धीरे चबाने से मुंह के छाले जल्दी ठीक हो जाते हैं. पत्तियों से निकलने वाला रस छालों पर प्रभावी ढंग से काम करता है और जलन को कम करता है. पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी चमेली की अहम भूमिका है. इसमें भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक हैं. ये एंटी-ऑक्सीडेंट्स आंतों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाते हैं और गैस, अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाते हैं. साथ ही यह गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंजाइमों की क्रिया को भी संतुलित करता है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### खाली घर में बिना अनुमति के पढ़ी सामूहिक नमाज, पुलिस ने लिया ऐक्शन, 12 लोग गिरफ्तार

**बरेली.** यूपी के बरेली में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जिले के बिशारतगंज थानाक्षेत्र के मोहम्मद गंज गांव में खाली पड़े एक मकान में "बिना प्रशासनिक अनुमति" के नमाज अदा करने के आरोप में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार खाली मकान में कथित तौर पर सामूहिक नमाज पढ़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) अंशिका वर्मा ने बताया कि खाली पड़े मकान को अस्थायी रूप से मदरसे की तरह इस्तेमाल करके कई हफ्तों से सामूहिक जुमा की नमाज अदा किए जाने की जानकारी शनिवार को सामने आयी थी और सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से 12 लोगों का शनिवार को शांति भंग की धाराओं में चालान किया।

### रिटायर्ड लेखपाल के घर लूट, 45 लाख के जेवर और 7 लाख कैश ले गए बदमाश

**सीतापुर.** उत्तर प्रदेश के सीतापुर के अकबरपुर में तालगांव के रसूलपुर स्थित सेवानिवृत्त लेखपाल के घर में शनिवार देर रात आठ नकाबपोश बदमाश घुस आए। कुछ के हाथ में तमंचा और कुछ लाठी-डंडे से लैस थे। घर में घुसते ही बदमाशों ने घर में मौजूद पांचों सदस्यों को बंधक बना लिया। शोर मचाने पर गोली मार देने की धमकी दी। बदमाशों ने महिलाओं के जेवर उतरवाने के साथ ही अलमारी में रखे करीब 45 लाख रुपये के जेवर और सात लाख रुपये कैश बटोर लिया। लूटपाट की घटना के बाद से परिवार और ग्रामीण डरे हुए हैं। बता दें कि अभी 5 जनवरी को ही गोरखपुर के एम्स थाना क्षेत्र के रजही में बदमाशों ने रिटायर्ड लेखपाल के घर धावा बोलकर लूटपाट की थी। असलहे से लैस बदमाशों ने करीब 45 मिनट तक घर के सदस्यों को बंधक बनाकर रखा और गहने और नकदी समेत 84 लाख का माल समेटकर फरार हो गए थे। विरोध करने पर पिस्टल के बट से रिटायर्ड लेखपाल का सिर फोड़ दिया था। पुलिस इस घटना के आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर चुकी है।

### पिता से कैसे नजर मिला पाऊंगा; 14 लाख शेयर में गंवाने के बाद युवक ने दी जान

**कानपुर.** कानपुर से ऐसी ही एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शेयर बाजार में 14 लाख रुपये गंवाने के बाद मानसिक तनाव में चल रहे एक स्क्रैप कारोबारी ने दोस्त के घर जाकर आत्महत्या कर ली। कारोबारी के पिता ने जमीन खरीदने के लिए खेत बेचकर उसे 14 लाख रुपये दिए थे, जिन्हें उसने शेयर बाजार में निवेश किया था। घटना के समय कारोबारी का दोस्त ड्यूटी पर गया हुआ था। जब वह लौटा तो इस दुखद घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कारोबारी ने शेयर बाजार में रुपये हारने के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है।

### पुलिस के सामने ही दो पक्षों के बीच जंग,जमीन विवाद में चले ईंट-पत्थर, पांच घायल

**संतकबीरनगर.** यूपी के संतकबीरनगर के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के डीघा में जमीन के विवाद को लेकर शनिवार की शाम को दो पक्ष पुलिस के सामने ही भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर चले गए जिसमें दोनों पक्षों से पांच-छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर दोनों पक्षों के एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। इंडस्ट्रियल एरिया चौकी क्षेत्र में आने वाले डीघा गांव में जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद चल रहा है। एक पक्ष जहां जमीन को धोबीघाट बता रहा है,वहीं दूसरा पक्ष उक्त जमीन को खलिहान का होने का दावा कर रहा है। मामला प्रशासन तक भी पहुंच चुका है।

# जीत मुंबई में हो रही, जश्न काजीरंगा में मनाया जा रहा

- BMC के नतीजे पर बोले पीएम मोदी

**गुवाहाटी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के कालियाबोर में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'आज भाजपा पूरे देश में लोगों की पहली पसंद बन गई है। बीते एक-डेढ़ वर्षों से भाजपा पर देश का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बिहार में चुनाव हुए। वहां 20 वर्ष बाद भी जनता ने भाजपा को रिकॉर्ड वोट दिए हैं। रिकॉर्ड सीटें जिताई हैं। दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के बड़े शहरों में मेयर और पार्षदों के चुनाव परिणाम आए हैं। मुंबई जो दुनिया के सबसे बड़े निगमों में से एक है, वहां की जनता ने पहली बार भाजपा को रिकॉर्ड जनादेश दिया। जीत मुंबई में हो रही है, जश्न काजीरंगा में मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र के अधिकतर शहरों की जनता ने भाजपा को सेवा का अवसर दिया है।'



पीएम मोदी ने कहा कि बीते कुछ समय में जितने भी चुनाव परिणाम आए हैं, उनका जनादेश स्पष्ट है। देश का वोटर आज गुड गवर्नेंस चाहता है, विकास चाहता है, वो विकास और विरासत दोनों पर फोकस करता है। इसलिए वो भाजपा को पसंद करता है। उन्होंने कहा, 'इन चुनावों का एक और संदेश है। कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को देश लगातार नकार रहा है। जिस मुंबई शहर में कांग्रेस का जन्म हुआ था वहां वो आज चौथे या पांचवें नंबर की पार्टी बन गई है।'

### नॉर्थ ईस्ट के विकास पर क्या बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की, दूरी स्थानों की। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर केवल अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। उन्होंने कहा, 'इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया। डबल इंजन की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता बनाया। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से असम को जोड़ने का काम एक साथ शुरू हुआ, लेकिन कांग्रेस ने कभी इसकी परवाह नहीं की। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तो असम को बहुत कम रेल बजट मिलता था। लगभग 2000 करोड़ रुपये। अब भाजपा सरकार ने इसे बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपये सालाना कर दिया गया है।'

### PM ने प्रकृति की सुरक्षा पर दिया जोर

नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब प्रकृति सुरक्षित होती है तो उसके साथ अवसर भी पैदा होते हैं। पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। होम स्टे, गाइड सेवाएं, परिवहन, हस्त शिल्प और छोटे व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय युवाओं को आय के नए साधन मिले हैं। उन्होंने कहा, 'आज मैं असम के आप लोगों की, यहां की सरकार की एक और बात के लिए खासतौर पर तारीफ करूंगा। एक समय था जब काजीरंगा में राइनो के शिकार की घटनाएं असम की सबसे बड़ी चिंता बन चुकी थी। 2013-14 में एक सींग वाले दर्जनों राइनो मारे गए।

# ईरान में 16 हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों की मौत



- सीधे सिर में मारी गई गोली; चौंकाने वाली रिपोर्ट

ईरान में दिसंबर 2025 के अंत से शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों ने अब पूरे देश को हिला कर रख दिया है। शुरुआत आर्थिक मुद्दों जैसे महंगाई और रियाल की गिरावट से हुई थी, लेकिन जल्द ही यह सरकार विरोधी आंदोलन में बदल गया, जिसमें सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए जा रहे हैं। एक नई रिपोर्ट दावा करती है कि सरकार की कड़ी कार्रवाई में कम से कम 16,500 प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और 3 लाख 30 हजार से अधिक घायल हुए हैं। अधिकांश पीड़ित 30 वर्ष से कम उम्र के युवा हैं। यह रिपोर्ट जमीन पर मौजूद डॉक्टरों के हवाले से तैयार की गई है।

अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी (HRANA) ने 3,090 मौतों की पुष्टि की है, जिसमें ज्यादातर प्रदर्शनकारी शामिल हैं। साथ ही 22 हजार से अधिक गिरफ्तारियां हुई हैं। सुप्रीम लीडर खामेनेई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि अशांति में कई हजार मौतें हुई हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपराधी बताते हुए प्रदर्शनकारियों को अमेरिका का फुट सोल्जर करार दिया। रिपोर्ट में डॉक्टरों ने बताया है कि घायलों में सिर, गर्दन और छाती पर गोली। यह बात सैन्य-ग्रेड हथियारों के इस्तेमाल को दर्शाती है।

# तेजस्वी के हाथ RJD की कमान?

- लालू के बीमार होने पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की चर्चा तेज

**पटना.** राष्ट्रीय जनता दल(आरजेडी) की कमान पूरी तरह से तेजस्वी यादव के हाथों में आने के संकेत मिल रहे हैं। चर्चा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनित किया जाएगा। लालू प्रसाद यादव अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। जानकारी मिल रही है कि 25 जनवरी को इसका ऐलान कर दिया जाएगा। विदेश यात्रा से लौटने के बाद तेजस्वी यादव ऐक्शन में हैं। आगामी रणनीति और विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा की जा रही है। पटना में तेजस्वी यादव ने अपने सरकारी आवास पर कोर केमेटी और लोकसभा, राज्यसभा सदस्यों के साथ बैठक की।



तेजस्वी को राजद में लालू यादव के बाद नंबर टू का दर्जा पहले से प्राप्त है। पार्टी में नीति निर्धारण हो या कोई बड़ा फैसला, यह काम तेजस्वी यादव ही करते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले ही लालू प्रसाद यादव ने यह पावर तेजस्वी को सौंप दिया था। विधानसभा चुनाव में टिकट काटने से लेकर बांटने तक का काम उन्होंने ही किया। कार्यकारी अध्यक्ष का पद मिल जाने के बाद उनकी ताकत और बढ़ जाएगी।

25 जनवरी को पार्टी कार्यसमिति की बैठक पटना में बुलाई गई है। इस बैठक पर सबकी निगाहें टिकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसी बैठक में तेजस्वी यादव की नई जिम्मेदारी की घोषणा हो सकती है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का

# ग्रीनलैंड- ट्रम्प के विरोध में हजारों लोग सड़कों पर

- कहा- हमारा देश बिकाऊ नहीं
- अमेरिका के साथ ट्रेड एग्रीमेंट रोकने की तैयारी में यूरोपीय संघ

ग्रीनलैंड में ट्रम्प के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने 'ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है' के नारे लगाए।




बर्फीली सड़कों के बीच प्रदर्शनकारी ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक के डाउनटाउन से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय झंडे लहराए और विरोधी पोस्टर थामे रहे। पुलिस के मुताबिक यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जा रहा है, जिसमें नुउक की लगभग एक-चौथाई आबादी शामिल हुई।

इसी दौरान अमेरिका ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। इससे ग्रीनलैंड के लोगों में ट्रम्प को लेकर गुस्सा और बढ़ गया।

दूसरी ओर यूरोपीय संघ (EU) के सांसद अमेरिका के साथ हुए ट्रेड एग्रीमेंट की मंजूरी रोकने की तैयारी में हैं। यूरोपियन पीपुल्स पार्टी (EPP) के अध्यक्ष मैनफ्रेड वेबर ने शनिवार को सोशल मीडिया X पर पोस्ट कर कहा कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड धमकियों के कारण अमेरिका से समझौते को मंजूरी देना संभव नहीं है।

# 'धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा'

- भागवत बोले- जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

**संभाजी नगर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(RSS) चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को धर्म ही चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। भागवत ने ये बातें रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में RSS के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं।



### स्पीच की बड़ी बातें...

सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता। धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है। कोई राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई व्यक्ति या रचना धर्म के बिना नहीं हो सकती।

जातिगत भेदभाव पर बात करते हुए भागवत ने कहा कि इसे खत्म करने के लिए मन से जाति को मिटाना होगा। पहले जाति काम और पेशे से जुड़ी थी, लेकिन बाद में यह भेदभाव का कारण बन गई।

भागवत ने कहा कि RSS का लक्ष्य समाज के साथ मिलकर भारत को उसके सर्वोच्च गौरव तक ले जाना है। संघ व्यक्ति के चरित्र निर्माण के जरिए राष्ट्र निर्माण करता है।

### तीसरी पत्नी को मारकर 10 दिन घर में जलाता रहा लाश

**झांसी.** उत्तर प्रदेश के झांसी में दिल-दहलाने वाला मामला सामने आया है। सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के ब्रह्मनगर कॉलोनी में रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी ने अपनी तीसरी पत्नी 10 दिन पहले हत्या कर दी। दुर्गंध छुपाने को शव के टुकड़े कर धीरे-धीरे घर में ही फूंक डाला। रविवार तड़के ठिकाने लगाने ले जाते वक्त ड्राइवर की सूचना पर पुलिस ने टैक्सी में रखा नीला बॉक्स खोला तो महिला की जली हड्डियां, अंग और चिता की राख बरामद हुई। वहीं पीछे आ रहा हत्यारोपी फरार हो गया है। सीपरी बाजार के ब्रह्मनगर कॉलोनी में किराए के मकान में रेलवे से रिटायर्ड राम सिंह परिहार तीसरी पत्नी के रूप में प्रीति सिंह (41) को रखे थे।

# मणिपुर- 3 साल पहले गैंगरेप की शिकार युवती की मौत

- 2023 हिंसा में किडनैपिंग, फिर दरिंदगी हुई
- अबतक एक भी गिरफ्तारी नहीं

**इंफाल.** मणिपुर में 3 मई 2023 में जातीय हिंसा शुरू होने के तुरंत बाद गैंगरेप का शिकार हुई 20 साल की युवती की मौत हो गई है। गैंगरेप के समय वह सिर्फ 18 साल की थी। NDTV के अनुसार, महिला लगभग तीन साल पहले किडनैपिंग और गैंगरेप के सदमे से अब तक उबर नहीं पाई थी।

महिला की मां ने बताया कि वह गंभीर रूप से जख्मी हुई थी। गंभीर चोटों के कारण उनकी बेटी को सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। आखिरकार, 10 जनवरी को वह जिंदगी से जंग हार गई। महिला कुकी समुदाय से थी। उसने मणिपुर के सिंगहाट में अंतिम सांस ली।



पीड़ित ने 21 जुलाई, 2023 को FIR दर्ज कराई थी। इसमें उसने आरोप लगाया था कि 15 मई, 2023 को काले रंग की टी-शर्ट पहने चार हथियारबंद लोग उसे सफेद बोलेरो में किडनैप कर पहाड़ी इलाके में ले गए। ड्राइवर को छोड़कर उनमें से तीन ने बारी-बारी से उसके साथ रेप किया था।

22 जुलाई, 2023 को पीड़ित का मामला CBI को सौंप दिया गया। हालांकि, इस अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित के लिए न्याय की मांग को लेकर 17 जनवरी को कुकी समुदाय के लोगों ने चुराचंदपुर में कैंडललाइट मार्च निकाला।

### पीड़ित ने बताया था, कैसे आरोपियों के चंगुल से निकली

पीड़ित ने बताया था कि आरोपियों ने उसके साथ वो सभी घिनौनी हरकतें कीं, जो वे कर सकते थे। पूरी रात उसे कुछ भी खाने को नहीं दिया गया। पानी तक नहीं दिया गया। उसके आंखों पर पट्टी बंधी थी। सुबह शौचालय जाने के बहाने उसने आंखों पर बंधी पट्टी हटवाई और वहां से भाग निकली।

FIR के मुताबिक, सुबह होते ही वह पहाड़ी इलाके से भागकर नीचे पहुंची। वहां सब्जियां ले जा रहे एक ऑटो-रिक्शा चालक ने उसकी मदद की।

# बांग्लादेश की टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप बदलने की मांग

- ICC से ग्रुप-C से B करने को कहा
- इसके सभी लीग मैच श्रीलंका में होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बांग्लादेश ने अब अपना ग्रुप बदलने की मांग की है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने ICC से कहा है कि उसे ग्रुप-C की जगह दूसरे ग्रुप-B में शामिल किया जाए। बोर्ड का तर्क है कि ऐसा होने पर बांग्लादेश को अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलने होंगे, इससे यात्रा और सुरक्षा से जुड़ी दिक्कतें कम होंगी।

यह प्रस्ताव शनिवार, 17 जनवरी को ढाका में ICC अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान रखा गया। BCB का मानना है कि उनकी टीम को आयरलैंड की जगह ग्रुप-B में शामिल करने से टूर्नामेंट के आयोजन में ज्यादा बदलाव नहीं करने पड़ेंगे और बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी भी एक ही देश में संभव हो पाएगी।

मौजूदा शेड्यूल के अनुसार आयरलैंड को अपने ग्रुप-बी मुकाबले श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और ओमान के खिलाफ कोलंबो में खेलने हैं, जबकि उनका आखिरी मैच कैंडी में जिम्बाब्वे से होगा। दूसरी ओर, बांग्लादेश को अपने मौजूदा ग्रुप-सी में वेस्टइंडीज, इटली और इंग्लैंड के खिलाफ कोलकाता में तीन मैच खेलने हैं, जबकि आखिरी ग्रुप मुकाबला मुंबई में नेपाल के खिलाफ तय है।




### BCB बोली- हमारे मैच श्रीलंका में ही हो

शनिवार शाम को BCB ने एक आधिकारिक बयान भी जारी किया। बयान में कहा गया कि बोर्ड ने ICC से बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में कराने की मांग दोहराई है। साथ ही बांग्लादेश सरकार की ओर से टीम, बांग्लादेशी फैंस, मीडिया और अन्य की सुरक्षा को लेकर जताई गई चिंताओं को भी ICC के सामने रखा गया है।

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण BCCI ने मुस्तफिजुर रहमान को IPL में खेलने की अनुमति नहीं दी है। उन्हें KKR ने 3 जनवरी को BCCI के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था।

# मंदिर परिसर में खजाना खोजेगी कर्नाटक सरकार

- युवक को सोने के आभूषण मिलने के बाद फैसला

**बेंगलूरू.** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने गडग जिले में खजाना के लिए एक अभियान शुरू किया है। अधिकारियों के मुताबिक जिले के लक्कुंडी गांव में एक मकान के निर्माण के दौरान सोने के आभूषण मिलने के बाद राज्य सरकार ने ऐतिहासिक और स्थापत्य विरासत के लिए प्रसिद्ध लक्कुंडी स्थित कोटे वीरभद्रेश्वर मंदिर परिसर में व्यापक स्तर पर खुदाई शुरू करने का निर्णय लिया है।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक मंदिर परिसर में खजाने की तलाश में जुटे प्रशासन ने खुदाई के लिए जेसीबी, ट्रक और ट्रैक्टर लगाए हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, 10 वर्ग मीटर क्षेत्र को खुदाई के लिए चिह्नित किया गया है और इसे आधिकारिक रूप से खुदाई क्षेत्र घोषित किया गया है। इस काम से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, 'इस कार्य के लिए 15 महिलाओं और पांच पुरुषों को लगाया गया है।'



आपको बता दें, यह पूरा मामला उस वक्त सामने आया जब एक लड़के को मकान निर्माण के समय तांबे का एक बर्तन मिला। खोलने पर उसमें सोने के आभूषण मिले। बताया जाता है कि ये आभूषण 300 से 400 वर्ष पुराने हैं। लड़के ने यह आभूषण जिला प्रशासन को सौंप दिये, जिसके लिए उसे सम्मानित किया गया। अधिकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र सोने, चांदी, हीरे, मोती, माणिक, मूंगे और लहसुनिया सहित दबे हुए बहुमूल्य खनिजों से समृद्ध माना जाता है। खुदाई से जुड़े सूत्रों ने कहा, 'लक्कुंडी ऐतिहासिक रूप से एक समृद्ध केंद्र रहा है और उपलब्ध साक्ष्य संकेत देते हैं कि यहां अब भी भूमिगत अपार भौतिक संपदा छिपी हो सकती है।'

नवंबर 2024 में की गई एक खोज के दौरान लक्कुंडी में हजारों प्राचीन कलाकृतियां मिली थीं। हाल ही में आभूषणों की खोज से इस स्थल के प्रति रुचि और बढ़ गई है। अधिकारियों के अनुसार, अब भी इलाके के विभिन्न हिस्सों में नीलम, मोती, रत्न, हीरे और लहसुनिया जैसे कीमती पत्थर मिलने की सूचना है।

### 2 अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**नगांव.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के नगांव जिले में 6,957 करोड़ की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और 2 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। असम की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में गुवाहाटी से कलियाबोर पहुंचे मोदी ने काजीरंगा परियोजना के भूमि पूजन में हिस्सा लिया।एक अधिकारी ने कहा कि यह कॉरिडोर काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभ्यारण्य के निकट वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया जाएगा.

वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो बोलीं-

# सोनम जेल में फर्श पर सो रहे

**बैरक में टहलने तक की जगह नहीं, सरकार जानती हैं उनके केस में दम नहीं**

**नई दिल्ली.** लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने कहा कि सोनम को जेल में फर्श पर कंबल में सोना पड़ा रहा है। उनके पास कोई फर्नीचर नहीं है।

उन्होंने कहा कि उनके बैरक में इतनी भी जगह नहीं है कि वे ठीक से टहल सकें। आंगमे ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तारीख पर तारीख मांग रहे हैं क्योंकि उन्हें एहसास हो गया है कि केस में कोई दम नहीं है।

गीतांजलि ने न्यूज एजेंसी PTI को दिए इंटरव्यू में ये बाते कहीं। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) के तहत हिरासत में लिया गया था।



यह कार्रवाई लेह में राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद की गई थी। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हुई थी और 90 लोग घायल हुए थे।

गीतांजलि बोलीं- सोनम जेल के अनुभव पर किताब लिख रहे

गीतांजलि आंगमो ने बताया कि सोनम जेल के अपने अनुभव पर जो किताब लिख रहे हैं, उसका टाइटल शायद फॉरएवर पॉजिटिव होगा। अगर वह कुछ चींटियों और उनके व्यवहार को देखते हैं, तो वह मुझसे चींटियों के व्यवहार पर किताबें लाने के लिए कहते हैं।

**आम सूचना**

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती भारती रेवाचंद फेरवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री रेवाचंद नंदलाल फेरवानी का देहांत 26 अगस्त 2022 को हो गया है. उनके नाम पर होंडा एक्टिवा नं. एमएच 05 सीडब्ल्यू 1184 जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा एमएच 05 सीडब्ल्यू 1184 मेरे श्रीमती भारती रेवाचंद फेरवानी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती भारती रेवाचंद फेरवानी**

**आम सूचना**

हम श्री प्रकाश एच. मंधवानी व श्री ब्रिजलाल एच. मंधवानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 151, सीरू चौक, उल्हासनगर-2. सीटीएस नं. 6074, सिटी सर्वे कार्यालय के रिकॉर्ड प्रॉपर्टी कार्ड में संतराम मोटूमल, प्रकाश व ब्रिजलाल नाम लिखा हुआ है। श्री संतराम एम. मंधवानी (सतरनदास) का निधन 18.5.2001 व उनकी पत्नी श्रीमती कविता एस. मंधवानी का निधन 4.4.2021 को हो गया है। इन दोनों का कोई भी वारिस नहीं है। अब श्री सतराम मंधवानी का नाम सिटी सर्वे के रिकार्ड प्रॉपर्टी कार्ड से हटाना है और हम दोनों श्री प्रकाश एच. मंधवानी व श्री ब्रिजलाल एच. मंधवानी के नाम पर किया जाना है। अगर किसी को आपत्ति हो तो वो 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती उपोरक्त पत्ते अथवा सिटी सर्वे कार्यालय उल्हासनगर-5 पर संपर्क करें। अन्यथा रिकार्ड से नाम हटाया जाएगा।

सही/-
**श्री प्रकाश एच. मंधवानी व**
**श्री ब्रिजलाल एच. मंधवानी**

**आम सूचना**

मैं श्री शैलेश सदानंद पुजारी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 17, बैरक नं. 88, रुम नं. 1, पोर्शन-ई, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 04एओ014311500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुरेखा निलेश शेट्टी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.1.2026 सी.नं. 182/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हा-सनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शैलेश सदानंद पुजारी**

## संक्षेप...

### ठाणे में कुएं में गिरने से युवक की मौत

**ठाणे.** शशिकांत नाकोडी (20) के कुएं में गिरने की घटना रविवार को करीब 2 बजे सामने आई। इस घटना में युवक को बाहर निकालकर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया और वहां के मेडिकल अधिकारियों ने उसे मृत घोषित कर दिया, ऐसा ठाणे आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तड़वी ने बताया।

पुलिस कांस्टेबल दीपक ठाकरे ने यह जानकारी आपदा प्रबंधन को बताया कि ठाणे के पातलीपाड़ा में घोड़बंदर रोड पर तुरपेपाड़ा में एक युवक कुएं में गिर गया है।यह घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को 25 से 30 फीट नीचे कुएं से बाहर निकाला।

# बेटे को नहीं जिता सके भाजपा विधायक महेश चौगुले




### ■ भिवंडी मनपा चुनाव में 25,767 मतदाताओं ने दबाया नोटा का बटन

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा चुनाव में कुछ प्रबुद्ध उम्मीदवारों ने तमाम प्रत्याशियों को नजरअंदाज कर चुनाव में खड़े प्रत्याशियों को वोटिंग के खिलाफ बेरुखी का इजहार किया. 25,767 मतदाताओं ने चुनाव में खड़े प्रत्याशियों के खिलाफ मतदान का उपयोग किया और नोटा का बटन दबाकर अपनी नापसंदगी का इजहार किया. मनपा चुनाव में कांग्रेस 30,भाजपा 22, कोणार्क विकास आघाड़ी 4,भिवंडी विकास आघाड़ी 3,एनसीपी शरद पवार 12,शिवसेना 12,सपा को केवल 6 सीटों पर ही समेट दिया है. भिवंडी मनपा में प्रभाग क्रमांक 22 से भाजपा प्रत्याशी श्याम अग्रवाल को अपक्ष प्रत्याशी नितेश ऐनकर ने हराकर मनपा में अपक्ष प्रत्याशी के रूप में एंट्री कर इतिहास रचा है..

आश्चर्यजनक है कि,भाजपा से 6 नगरसेवकों को निर्विरोध जिताने की राजनीतिक क्षमता वाले भाजपा विधायक महेश चौगुले अपने बेटे मीत चौगुले को नहीं जिता सके जो शहर में चर्चा का मुद्दा बना है.

#### महापौर बिठाने कसरत हुई शुरू

मनपा चुनाव घोषित होते ही मनपा सत्ता की चाभी अपने हाथ में लेने की कसरत शुरू हो चुकी है.प्रबल संभावना है कि,चुनाव में सर्वाधिक वार्डों पर कब्जा करने वाली कांग्रेस पार्टी महागठबंधन सहयोगी एनसीपी शरद पवार (12)और सपा पार्टी (6) से गठबंधन कर बहुमत का आंकड़ा जुटाकर महापौर पद पर अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने की फिराक में है.भाजपा विधायक महेश चौगुले भी भाजपा 22 और शिवसेना 12 सदस्यों को साथ लेकर अन्य दलों में तोड़फोड़ कर महापौर पद भाजपा की झोली में डालकर मुख्यमंत्री देवा भाऊ के निर्देशानुसार मनपा पर कमल खिलाने के लिए बेताब होकर व्यूह रचना में जुटे हैं.

**2 पूर्व महापौर भी दौड़ में**

शहरवासियों की मानें तो, अनेक बार महापौर पद पर आसीन रहे और मनपा महापौर बनने की कुब्बत रखने वाले कोणार्क विकास आघाड़ी मुखिया विलास आर पाटिल और कांग्रेसी पूर्व मेयर और वर्तमान में भिवंडी विकास आघाड़ी से चुनाव जीते जावेद दलवी भी महापौर की बिसात बिछाए जाने में जुटे हैं.देखना दिलचस्प होगा कि,शहर का प्रथम नागरिक भिवंडी मनपा महापौर बनने का गौरव किसे हासिल होगा ?

# महायुति धमाका, मुंबई में महापौर हमारा

### मुंबई वालों ने दूसरे ब्रांड्स को नकारा कर दिया -डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे



**ठाणे.** शिवसेना-बीजेपी महायुति राज्य में मनपा चुनावों में मिजॉरिटी की दहलीज़ पर पहुँच गई है और महायुति राज्य भर की कई मनपाओं में महापौर बनाएगी, ऐसा डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यकीन जताया।उन्होंने कहा कि महायुति ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, पूरे एमएमआर और मुंबई में ज़ोरदार कोशिश की है। शिवसेना को ठाणे में साफ़ मिजॉरिटी मिली है, और एमएमआर इलाके में भी अच्छी सीटें मिली हैं। उन्होंने यकीन जताया कि शिवसेना-बीजेपी महायुति मुंबई में भी महापौर बनाएगी। उन्होंने यह भी साफ़ किया कि हम मिजॉरिटी के बहुत करीब पहुँच गए हैं, और महायुति राज्य में कई जगहों पर सरकार बनाएगी।डिप्टी सीएम शिंदे ने कहा कि चुनाव के दौरान कुछ जगहों पर इमोशनल मुद्दे, करप्शन के आरोप और कई तरह के प्रोपेगैंडा का इस्तेमाल किया गया। लेकिन, मुंबईकरों और राज्य के वोटरों ने इमोशन के बजाय विकास के लिए वोट किया है। उन्होंने साफ कहा कि लोगों ने एंटी-विकास रुख अपनाने वालों को नकार दिया है और लोगों ने विकास के ब्रांड को अपनाया है। उन्होंने कहा की उबाठा ने 150 से ज़्यादा सीटों पर चुनाव लड़ा और करीब 60 सीटें जीतीं, लेकिन कुल मिलाकर लोगों ने विकास के एजेंडे का साथ दिया है।इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, शिवसेना स्पोक्सपर्सन प्रकाश महाजन, युवा सेना अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक,महिला अध्यक्ष मीनाक्षी शिंदे और शिवसेना के सभी चुने हुए नगरसेवक और पदाधिकारी मौजूद थे।

# टीसी को चकमा देकर फरार हुआ गांजा तस्कर

### गोरखपुर से आने वाली काशी एक्सप्रेस की घटना




**कल्याण.** रेलवे स्टेशन पर टीसी को चकमा देकर नशे का एक सौदागर फरार हो गया। बताया जाता है कि एक यात्री गोरखपुर से आने वाली काशी एक्सप्रेस से कल्याण स्टेशन पर उतरा, जिसे टीसी विकासकुमार सिंह ने बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ लिया। टीसी ने उक्त यात्री से पेनाल्टी भरने को कहा। जिसपर यात्री ने कहा कि आप मेरा बैग संभालो, मैं पैसा लेकर तुरंत आता हूं। यह कहकर उसने टीसी से पीछा छुड़ा लिया, और फरार हो गया। इस मामले में कल्याण लोहमार्ग पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पंढरी कांदे ने बताया कि, जब उस फरार यात्री के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 93 हजार रुपये मूल्य का गांजा बरामद हुआ। थाना इंचार्ज कांदे ने बताया कि अज्ञात गांजा तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, और कल्याण स्टेशन पर लगे सीसीटीवी के माध्यम से आरोपी की तलाश की जा रही है।

# बीएमसी मेयर को रेगुलर सैलरी नहीं मिलती, बल्कि दिया जाता है मानदेय

**मुंबई.** देश की सबसे अमीर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मुंबई को नया मेयर मिलने वाला है। देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में बीएमसी को मैनेज करने वाली ऑर्गनाइजेशन के पास बहुत पावर है। यह बीएमसी चुनाव इतना खास क्यों है? बीएमसी को संभालने वाले मेयर की सैलरी और ताकत क्या है?

29 म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन वाली बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन देश की सबसे अमीर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन है। इसके बारे में बहुत चर्चा होती है। जिस भी पॉलिटिकल पार्टी को इस म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का कंट्रोल मिलता है, उसे न सिर्फ शहर बल्कि पावर, पैसा और मौका भी मिल जाता है।

बीएमसी मेयर को रेगुलर सैलरी नहीं मिलती, बल्कि उन्हें मानदेय दिया जाता है। मुंबई मेयर की बेसिक सैलरी लगभग 6,000 रुपये प्रति महीना है, जिसमें कई अलाउंस भी शामिल हैं। एवरेज मंथली इनकम लगभग 55,000 रुपये है। बीएमसी मेयर की सालाना इनकम 6 से 6.50 लाख रुपये तक हो सकती है। चूंकि मुंबई मेयर की कोई फिक्स्ड सैलरी नहीं होती, इसलिए इसमें बढ़ोतरी का कोई प्रोविजन नहीं है। मेयर की सैलरी और अलाउंस राज्य सरकार और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन तय करते हैं।

# एसटी विभाग की 2 बसों से 300 लीटर डीज़ल चोरी

### ■ डीज़ल चोरी के लिए बिना रजिस्ट्रेशन वाली कार का इस्तेमाल
### ■ गैंग के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे.** चुनाव सुरक्षा के लिए पुलिस पेट्रोलिंग के लिए चुनाव आयोग द्वारा दी गई एसटी विभाग की दो बसों से डीज़ल चोरी का खुलासा हुआ है। इस मामले में कलवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। दोनों बसों से 300 लीटर डीज़ल चोरी हो गया, हर बस में 150 लीटर डीज़ल था। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।धुले के योगेश माली, जिन्होंने 16 जनवरी को इस घटना की शिकायत दर्ज कराई थी परिवहन विभाग के शहादा डिपो में ड्राइवर और कंडक्टर हैं। उन्होंने पुलिस से, जो एसटी बस नंबर MH 14 BT 2125 में थे, चुनाव सुरक्षा के लिए मुलुंड से नंदुरबार ले जाने के लिए कहा। साथ ही, उस डिपो के किरण जवारे अपने साथ ST बस नंबर MH 20 BL 2306 लाए थे। वे रात करीब 11:30 बजे कलवा, खारेगांव टोल प्लाजा पारसिकनगर पहुंचे। उस जगह पर उन्होंने बस को सड़क के एक तरफ पार्क किया और दोनों बसों में सो गए। 17 दिसंबर को सुबह 3 बजे किरण जवारे अचानक जाग गए। उस समय उन्हें डीजल की महक आई और वे बस से बाहर आए। जांच करने के बाद उन्होंने देखा कि 4 लोग दोनों बसों के टैंक से डीजल निकाल रहे हैं। साथ ही, किरण जवारे को देखकर वे चारों अपने साथ लाए एक फोर-व्हीलर और एक टू-व्हीलर पर भाग गए। दोनों गाड़ियों पर नंबर प्लेट नहीं थी। इसके बाद जवारे ने शिकायतकर्ता माली को जगाया और उन्हें घटना के बारे में बताया। साथ ही, चोरों ने दोनों गाड़ियों से 150-150 लीटर का 300 लीटर डीजल चुरा लिया और उसे लूट लिया। शिकायत में चोरी हुए डीजल की कीमत 27,000 रुपये बताई गई है। इस बारे में कलवा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# ठाणे में 28 भाजपा नगरसेवकों में प्रतिभा मढ़वी सबसे अव्वल

**ठाणे.** एक तरफ जहां भाजपा ने मनपा चुनाव में 39 में से 28 सीटें जीतकर 75 परसेंट का स्ट्राइक बनाए रखा, वहीं दूसरी तरफ इन 28 विजेताओं में नौपाड़ा वार्ड से प्रतिभा राजेश मढ़वी 71.56 परसेंट मतदान पाकर भाजपा की टॉप विजेता बन गई हैं।ठाणे मनपा के आम चुनाव में शिवसेना के साथ गठबंधन वाली भाजपा ने बिना किसी शक के 28 सीटें जीतकर बड़ी कामयाबी हासिल की।2017 में भाजपा के पास 23 सीटें थीं जिनमें से 5 सीटें और बढ़ गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,विधायक संजय केलकर,विधायक निरंजन डावखरे और भाजपा ठाणे ज़िला अध्यक्ष संदीप लेले की लीडरशिप में भाजपा ने अपनी शानदार दम पर वडवली से लेकर शील तक हर परचम लहराया है।


### आम सूचना

मैं श्री अनिलकुमार गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, पोर्शन रुम, शॉप लाईन के पीछे, शिवाजी रोड, शहाड फाटक, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ014905100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री मेवालाल गुप्ता के नाम पर है। उनका निधन 23.10.2017 को और श्रीमती प्रणादेवी मेवालाल गुप्ता का निधन 30.10.2016 को हा गया। श्रीमती रेखा देवी रामकृपाल गुप्ता व श्री सुनिलकुमार मेवालाल गुप्ता ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 14.1.2026 सी.नं. 05/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिलकुमार गुप्ता**


# जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य का ठाणे में शानदार स्वागत

### ■ कच्चे बांधारे संकल्पपूर्ति समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ




**ठाणे.** 17 जनवरी को ठाणे के टिपटॉप होटल में जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिणपीठ, श्रीक्षेत्र नानीजाधाम पीठ के पीठाधीश्वर रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य के आगमन के अवसर पर एक शानदार स्वागत समारोह आयोजित किया गया। साथ ही, कच्चे बांधारे संकल्पपूर्ति समारोह भी बड़े उत्साह के साथ हुआ।

इस समारोह में महाराष्ट्र राज्य के मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री और यवतमाल जिले के संरक्षक मंत्री संजय राठौड़ और अमृता देवेंद्र फडणवीस शामिल हुए। इसके साथ ही, पूरे महाराष्ट्र के बड़ी संख्या में पीठ प्रमुख मौजूद थे।सिर्फ़ पंद्रह दिनों में, संस्थान की तरफ़ से पूरे महाराष्ट्र में 4,598 कच्चे बांधारे बनाए गए। इस अनोखे काम का संकल्प प.पू. रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की मौजूदगी और जाने-माने लोगों के हाथों बड़े और दिव्य तरीके से पूरा हुआ। इस प्रोग्राम में बड़ी संख्या में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ पूरे महाराष्ट्र से पत्रकार मौजूद थे। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रामानंदाचार्य ने साइंस, बिज़नेस और स्पिरिचुअलिटी को मिलाकर अपने विचार रखे। इस मौके पर उन्होंने कहा, "हम धार्मिक नेताओं के तौर पर हिंदू धर्म के लिए काम कर रहे हैं। ईसाई मिशनरियों की गलतियों का शिकार हुए हिंदू भाइयों को हिंदू धर्म में दोबारा एंट्री दिलाकर अब तक 1,53,343 परिवारों की घर वापसी कराई जा चुकी है।" उन्होंने यह भी बताया कि 'जगद्गुरु के प्रेम हेतु – एक पेड़ माँ के नाम' पहल के तहत महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों में 1,11,424 पेड़ लगाए गए हैं, और पिछले महीने राज्य के वन मंत्री गणेश नाइक ने संकल्प पूर्ति समारोह किया था। फाउंडेशन हर साल 15 दिन का महारक्तदान कैंप आयोजित करता है।

पिछले साल इस कैंप में 1,36,270 ब्लड सेल्स जमा हुए थे। धर्म की रक्षा के लिए इंग्लिश शिक्षा ज़रूरी बताते हुए रामानंदाचार्य ने कहा इसका मतलब मराठी भाषा का विरोध करना नहीं है। इसीलिए श्रीक्षेत्र नानीजाधाम में समाज के गरीब बच्चों को मुफ़्त और अच्छी इंग्लिश मीडियम शिक्षा दी जाती है।इस मौके पर कई जाने-माने लोगों ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया।

# लोकल में बैठने को लेकर हुए झगड़े में एक युवक का सिर फूटा

**ठाणे.** काम से घर लौटते समय दो पैसेंजर की लोकल में बैठने को लेकर हुई बहस में 39 साल के युवक रविंद्र चौहान के सिर पर वार किया गया। घायल युवक चौहान की शिकायत पर ठाणे रेलवे पुलिस स्टेशन में गणेश लाड के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। चौहान की शिकायत के मुताबिक आसनगांव लोकल जब शाम करीब 7:30 बजे ठाणे रेलवे स्टेशन पहुंची, तो खड़े चौहान बैठे हुए यात्रियों से कहासुनी हो गई। एक यात्री लाड ने अपने हाथ में मौजूद अंगूठी से चौहान के सिर पर मारा। इस समय खून बहने लगा। इस संबंध में ठाणे लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।


### आम सूचना

मैं श्री सुनिलकुमार गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, रिमेनिंग पोर्शन, शॉप लाईन के पीछे, शिवाजी रोड, शहाड फाटक, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ014905100(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री मेवालाल गुप्ता के नाम पर है। उनका निधन 23.10.2017 को और श्रीमती प्रणादेवी मेवालाल गुप्ता का निधन 30.10.2016 को हा गया। श्री अनिलकुमार मेवालाल गुप्ता व श्रीमती रेखा देवी रामकृपाल गुप्ता ने रिलीज एग्रीमेंट दि. 14.1.2026 सी.नं. 06/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनिलकुमार गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री अनिकेत भिमराव कदम सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, संगम हाउसिंग कॉलोनी, बैरक नं. 31/32 के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एओ014700700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लीलादेवी अमरसिंग राठोड के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.1.2026 सी.नं. 202/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री अनिकेत भिमराव कदम**


# तमन्ना के आइटम नंबर 'आज की रात' ने बनाया रिकॉर्ड

### ■ यूट्यूब पर गाने को 100 करोड़ व्यूज मिले
### ■ उपलब्धि पर एक्ट्रेस ने जताया आभार



**स्त्री**-2 में तमन्ना भाटिया का डांस नंबर 'आज की रात' ने एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस गाने ने यूट्यूब पर ऑफिशियली 1 बिलियन यानी कि 100 करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है।

एक्ट्रेस ने इस अचीवमेंट्स पर ख़ुशी ज़ाहिर की है। उन्होंने गाने की शूटिंग के कुछ क्लिप शेयर करते हुए लिखा- 'पहले व्यू से लेकर 1 बिलियन व्यूज तक। आप सभी के प्यार के लिए शुक्रिया।'

शेयर किए गए वीडियो क्लिप में तमन्ना कोरियोग्राफर विजय गांगुली और टीम के बाक़ी सदस्यों के साथ नज़र आ रही हैं। दूसरे और तीसरे क्लिप में वो परफॉर्म करते दिख रही हैं।

'आज की रात' गाने की बात करें तो ये श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर फिल्म स्त्री-2 का गाना है। इस आइटम डांस नंबर को तमन्ना भाटिया पर फिल्माया गया है। गाने को मधुबंती बागची और दिव्या कुमार ने आवाज दी है। इसे अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है और सचिन-जिगर ने म्यूजिक दिया है।

बता दें कि तमन्ना के डांस नंबर्स से पहले कई और भारतीय गाने रहे हैं, जिन्होंने यूट्यूब पर 100 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल किए हैं। इस लिस्ट में भक्ति गाने से लेकर रीजनल गानों तक का नाम शामिल है।

हरिहरन की आवाज में टी सीरीज का भक्ति सॉन्ग श्री हनुमान चालीसा पहला इंडियन गाना था, जिसने यूट्यूब पर 3 बिलियन और 5 बिलियन व्यू का आंकड़ा पार किया था। इसके बाद पंजाबी सॉन्ग लॉग लाची, लहंगा, हरियाणवी सॉन्ग 5 गज का दामन, सत्यमेव जयते का सॉन्ग दिलबर, सिंबा का आंखे मारे, धनुष और साई पल्लवी का सॉन्ग राउडी बेबी समेत कई और गानों ने इस आकंड़े को पार किया है।

# SST महाविद्यालय की क्रॉस कंट्री में ऐतिहासिक जीत

### मुंबई विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिता में छात्राएँ लगातार 5वीं, छात्र लगातार 6वीं बार विजेता




**उल्हासनगर.** एस.एस.टी. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की छात्राओं और छात्रों की क्रॉस कंट्री टीमों ने मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन क्रॉस कंट्री चैम्पियनशिप 2025–26 में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के खेल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने वाली उपलब्धि हासिल की है। यह प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण वातावरण में एसआईए, डोंबिवली में संपन्न हुई।

इस प्रतियोगिता में एस.एस.टी. महाविद्यालय की छात्राओं की टीम ने लगातार पाँचवीं बार और छात्रों की टीम ने लगातार छठी बार विजेता बनकर अपना निर्विवाद वर्चस्व सिद्ध किया। कठोर अभ्यास, अनुशासित तैयारी और टीम भावना के बल पर खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पीछे छोड़ दिया।

व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी एस.एस.टी. के खिलाड़ियों ने विशेष छाप छोड़ी। विशाल कानोजिया ने शानदार दौड़ लगाते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि आदिल और काजल ने क्रमशः कांस्य पदक प्राप्त कर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के आधार पर विशाल कानोजिया, आदिल, हरिओम, काजल और तृप्ति का इंटर-ज़ोनल क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जहाँ वे अब ज़ोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन उनके निरंतर परिश्रम और प्रतिभा की प्रमाणिकता है। इस ऐतिहासिक सफलता से महाविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है। प्राचार्य, प्राध्यापक, खेल प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी है।







### PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Mrs. Saroj Bai, Daughter of Mr. Lachhman das, Wife of Mr. Dinesh Wadhwani, presently residing at A-201, Swapna Nagari, Barave, Khadakpada, Kalyan, District Thane – 421301, Maharashtra, India, is applying to the Secretary to the Government of India, Ministry of Home Affairs, for grant of Indian Citizenship by Naturalization. Any person who knows any reason or has any objection as to why the said Naturalization should not be granted is required to send a written and signed statement of the facts to the said Secretary.

### PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Mrs. SAPNA Wife of Mr. SHANKER LAL, presently residing at Flat No. 502, Building No. 17, FAME Housing Society Limited, Plot No. 19, Sector 11, Khoper Khairne, Navi Mumbai – 400709, Maharashtra, India, is applying to the Secretary to the Government of India, Ministry of Home Affairs, for grant of Indian Citizenship by Naturalization. Any person who knows any reason or has any objection as to why the said Naturalization should not be granted is required to send a written and signed statement of the facts to the said Secretary


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099